[This question paper contains 4 printed pages.]

989

Your Roll No. ....

आपका अनुक्रमांक ....

COMPULSORY TEST IN HINDI **D**

(Old Course) (Annual)

हिंदी की अनिवार्य परीक्षा (पुराना पाठ्यक्रम)

(Admission Prior to 2012)

Time : 3 Hours *Maximum Marks : 100*

समय : 3 घंटे *पूर्णांक : 100*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

All *questions are compulsory.*

सभी *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

1. किसी **एक** अवतरण को ध्यान से पढ़िए। उसके बाद पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए :- (2+2+2+4)

(क) नहीं दान है, नहीं दक्षिणा, खाली हाथ चली आयी।

पूजा की विधि नहीं जानती फिर भी नाथ! चली आयी।।

पूजा और पुजापा प्रभुवर! इसी पुजारिन को समझो।

दान-दक्षिणा और निछावर, इसी भिखारिन को समझो।।

P.T.O.

(i) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ? रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) कवयित्री के. पास क्या नहीं है ?

(iii) कवयित्री प्रभु से क्या प्रार्थना करती है ?

(iv) अंतिम दो पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

अथवा

(ख) जला ज्ञान का दीप सिर्फ फैलाओगे उजियाली ?
अथवा उठा कृपाण करोगे घर की भी रखवाली ?
कलम देश की बड़ी शक्ति है भाव जगाने वाली।
दिल ही नहीं दिमागों में भी आग लगाने वाली।

(i) प्रस्तुत पद्यांश किस कविता से लिया गया है ? इसके कवि का नाम लिखिए।

(ii) कवि घर की रखवाली किस प्रकार करने को कह रहे हैं ?

(iii) ज्ञान के दीप से क्या किया जाता है ?

(iv) अंतिम दो पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

2. 'बेटी की विदा' कविता **अथवा** 'कलम और तलवार' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। (10)

3. 'भारत एक है' **अथवा** 'प्रथम पूजा' लेख का सार अपने शब्दों में लिखिए। (10)

4. (क) किन्हीं **दस** शब्दों के अर्थ लिखिए - (10)

उन्मत्त, अर्पित, लोभी, भावी, शूरवीर, साहस, दृग, मार्ग, आवश्यक, इम्तिहान, प्रकाश, अवधि, लहू, संपूर्ण,

(ख) किन्हीं **पाँच** मुहावरों के अर्थ लिखिए :- (10)

आँख का तारा, हाथ-पाँव फूलना, आग उगलना, हिम्मत हारना, धराशायी होना, टस से मस न होना, घोड़े बेचकर सोना ।

5. (क) किन्हीं **पाँच** शब्दों के लिंग बदलिए :- (5)

दादा, राजा, आदमी, लड़का, नर, पुत्र, छात्र ।

(ख) किन्हीं **पाँच** शब्दों के विलोम लिखिए :- (5)

गरीब, रात, मोटा, सत्य, जीवन, बीमार, सदाचारी ।

6. (क) किन्हीं **पाँच** शब्दों के वचन बदलिए :- (5)

नीतियाँ, नदी, आप, घंटा, महिला, चिड़िया, सदियों ।

(ख) किन्हीं **पाँच** शब्दों के एक-एक पर्याय दीजिए :- (5)

सूर्य, कमल, पानी, समुद्र, हवा, घर, गगन ।

7. (क) किन्हीं **पाँच** शब्दों से विशेषण बनाइए :- (5)

ग्राम, राष्ट्र, इतिहास, स्थान, रक्षा, योग, पत्थर ।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए : (5)

(i) बच्चे ने खाना खाया।

(ii) हवा तेज़ चली।

(iii) कल सोहन अपने मित्र के घर जाएगा।

(iv) राजकुमारी ने सेवकों को कहा।

(v) गाय घास खा रही है।

8. परीक्षा में सफलता के लिए बधाई देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए। (10)

अथवा

मित्र को छात्रावास के अनुभव बताते हुए पत्र लिखिए।

9. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए (लगभग 150 शब्द) :-

(i) मेरा भारत

(ii) लोकसभा चुनाव और युवा

(iii) पर्वतीय प्रदेश की यात्रा

(iv) जीवन में खेलों का महत्त्व (10)

(100)